राष्ट्रीय न्यास

वार्षिक प्रतिवेदन 2014-2015



राष्ट्रीय न्यास

स्वपरायणता, प्रमस्तिष्कघात, मानसिक मंदता एवं बहु-विकलांगता प्रभावित व्यक्तियों के कल्याण हेतु
विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
16-बी, बड़ा बाजार मार्ग, पुराना राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110 060 दूरभाष: 011 43187878
ईमेल: contactus@thenationaltrust.in **वेबसाइट:** www.thenationaltrust.in



श्री विजय साम्पला
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री,
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता
मंत्रालय, भारत सरकार



श्री थावरचन्द गेहलोत
माननीय केन्द्रीय मंत्री,
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता
मंत्रालय, भारत सरकार

श्री कृष्ण पाल गुर्जर
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री,
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता

श्री थावरचन्द गेहलोत, माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, श्रीमति स्तुति कक्कड, सचिव विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग, श्री अवनीश कुमार अवस्थी, संयुक्त सचिव (विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग), श्रीमति किरण पुरी, संयुक्त सचिव व एफ.ए. (विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग) द्वारा शिल्पोत्सव भ्रमण जिसमे राष्ट्रीय न्यास ने भी भाग लिया।

थावरचन्द गेहलोत
THAAWARCHAND GEHLOT
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF
SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

सत्यमेव जयते

कार्यालयः 202, सी विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली–110115
Office : 202, 'C' Wing, Shastri Bhawan,
New Delhi-110115
Tel. : 011-23381001, 23381390, Fax : 011-23381902
E-mail : min-sje@nic.in
दूरभाषः 011-23381001, 23381390, फैक्सः 011-23381902
ई-मेलः min-sje@nic.in



संदेश

राष्ट्रीय न्यास की 15 वीं वार्षिक आम सभा की बैठक के अवसर पर, राष्ट्रीय न्यास की समस्त पंजीकृत संस्थाओं, बोर्ड के न्यासी, अधिकारियों, विकलांगजनों के अभिभावकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुये, मुझे अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है।

राष्ट्रीय न्यास की स्थापना सन् 1999 में संसद के अधिनियम के अन्तर्गत अभिभावकों की व्यापक चिन्ता **''जब मैं नहीं रहूँगा तब मेरे बच्चे का क्या होगा?''** के उत्तर को तलाशने के लिए की गई थी।

अभिभावकों की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विकलांगजनों की आवश्यकताओं पर विचार करते हुये राष्ट्रीय न्यास द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये एवं बड़ी संख्या में योजनाओं को लागू किया गया। विभिन्न आयु समूहों के लिए विभिन्न योजनायें तैयार की गयी हैं जिनमें सर्वाधिक लोकप्रिय ''निरामय'' स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसके अन्तर्गत सभी आयु समूहों के विकासात्मक विकलांग व्यक्तियों को 1 लाख रू0 तक की स्वास्थ्य बीमा सेवायें उपलब्ध करायी जाती हैं जिसमें ओ0पी0डी0, अस्पताल में भर्ती इत्यादि है।

बच्चों को मुख्य धारा के एवं विशेष विद्यालयों के लिए तैयार करने हेतु शीघ्र हस्तक्षेप योजना जिसे एस्पिरेशन–डे केयर सेन्टर के रूप में भी जाना जाता है तथा जिसका उद्देश्य 0–6 वर्ष की आयु समूहों के बच्चों को सेवायें उपलब्ध कराना है। इस योजना के अन्तर्गत माता–पिता को भी उनके बच्चे के पालन एवं देख–रेख के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाता है।

इसी तरह वयस्कों के लिए समर्थ एवं घरौंदा स्थापित किया गया है। समर्थ योजना के अंतर्गत लघु कालीन एवं दीर्घकालीन आवासीय सुविधा उपलब्ध है। जबकि घरौंदा योजना में विकासात्मक विकलांग व्यक्तियों को जीवन पर्यन्त आश्रय एवं देखभाल की सुविधायें उपलब्ध हैं।

राष्ट्रीय न्यास द्वारा अभी तक बहुत कुछ किया गया है एवं निकट भविष्य में और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है।

मैं राष्ट्रीय न्यास के इस प्रयास में सफलता की कामना करता हूँ।

14.05.15

(थावरचन्द गहलोत)

D.O. No. 175 VIP/MOS(SJE)/2015

विजय साम्पला
VIJAY SAMPLA

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार

MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

मैं यह जानकर बेहद खुश हूँ कि राष्ट्रीय न्यास की आम सभा की बैठक दिनांक – 22 मई 2015 को आयोजित हो रही है।

राष्ट्रीय न्यास की दूरगामी योजनायें एवं कार्यक्रम यह स्पष्ट दर्शाते हैं कि संगठन का ठोस आधार बनाने में कड़ी मेहनत की गयी है। इतने वर्षों की अवधि के दौरान, राष्ट्रीय न्यास ने योजनाओं को बड़ी संख्या में लागू करके एक अनुकरणीय काम किया है। विभिन्न आयु समूहों के लिए अलग योजना का गठन किया गया है। उन सभी में सबसे महत्वपूर्ण एस्पिरेशन–डे केयर सेंटर है जिसे 0–6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शीघ्र हस्तक्षेप योजना के रूप में भी जाना जाता है।

इसी प्रकार वयस्कों के लिए समर्थ एवं घरौंदा योजना है। निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना ने राष्ट्रीय न्यास को एक अलग पहचान दी है।

वार्षिक आम बैठक 2015 के अवसर पर राष्ट्रीय न्यास के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनायें।

विजय सांपला

(विजय साम्पला)

Office : 251, Shastri Bhawan, Dr Rajender Prasad Road, New Delhi-110001, Tel. : 011-23383757, 23383745, Fax : 011-23074097

कृष्ण पाल गुर्जर
KRISHAN PAL GURJAR



सत्यमेव जयते

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

राष्ट्रीय न्यास के सभी स्टेक होल्डर्स को इसकी इसकी 15 वीं वार्षिक आम सभा की बैठक के अवसर पर मेरी शुभकामनायें।

राष्ट्रीय न्यास की दूर–दृष्टि, एक ''समावेशी समाज की रचना करना, जिसमें मानव विविधताओं का सम्मान होता हो तथा जो विकासात्मक विकलांग व्यक्तियों को गरिमा, समान अधिकार एवं अवसर के साथ स्वतंत्र रूप से जीवन यापन के लिये सक्षम एवं सशक्त बनाता हो'', मानव अधिकार के दृष्टिकोण पर आधारित बदले हुये भारत को दर्शाती है। इस दूर–दृष्टि की उपलब्धि के लिये जागरूकता की बहुत बड़ी भूमिका है। विशेष रूप से हमारे जैसे विशाल देश में जहॉ सीमित संसाधन एवं विशेषज्ञता उपलब्ध है।

सभी स्टेक होल्डर्स, विशेष रूप से माता–पिता, पंजीकृत संगठन एवं स्थानीय स्तरीय समितियाँ राष्ट्रीय न्यास के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सभी माता–पिता, विकलांगजनों एवं जो इनके साथ इस महान कार्य में लगे हुए हैं, उन सभी को मेरी बहुत बहुत शुभकामनाएँ।

(कृष्ण पाल गुर्जर)

Office : 301, 'A' Wing, Shastri Bhawan, Dr Rajender Prasad Road, New Delhi-110001, Tel. : 011-23072192, 23072193, Fax : 011-23072194

लव वर्मा
सचिव
LOV VERMA
Secretary
Tel: 011-24369055(O)/ 011-24369067(F)
Email: secretaryda-msje@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
विकलांगजन सशक्तिकरण विभाग
पांचवा तल, पर्यावरण भवन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स
लोदी रोड़, नई दिल्ली-110 003
Government of India
Ministry of Social Justice & Empowerment
Department of Empowerment of Persons with Disabilities
5th Floor, Paryavaran Bhawan,
CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110 003

अध्यक्ष की रिपोर्ट

श्री स्कॉट हेमिल्टन ने सत्य ही कहा है कि विकलांगता सिर्फ व्यक्ति की सोच में है। आज भी व्यापक धारणा है कि विकलांग व्यक्ति हमारी सहानुभूति के अधिकारी हैं। नहीं वह सम्पूर्ण व्यक्ति हैं और सभी की तरह गरिमा एवं सम्मान का अधिकार रखते हैं। यही कारण है कि भारत सरकार ने विकलांगता मामलों के विभाग का नाम बदलकर विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग रख दिया।

इसी कोशिश में स्वपरायणता, प्रमस्तिष्कघात, मानसिकमंदता व बहुविकलांग व्यक्तियों के कल्याणार्थ हेतु राष्ट्रीय न्यास अधिनियम संसद द्वारा वर्ष 1999 को पारित किया गया एवं वर्ष 2000 से कार्य शुरू हो गया। विगत वर्षों से यह धारणा बन गयी है कि तेजी से बदलती तकनीक एवं माहौल में राष्ट्रीय न्यास अधिनियम में भी बदलाव की जरूरत है। इसी सोच ने मेरी पहली प्राथमिकता बनायी कि नियमों और विनियमों को फिर से तैयार किया जाये जो कि प्रक्रियाशील है।

तेजी से बदलते माहौल एवं अभिभावक एवं विकलांग व्यक्तियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये योजनाओं एवं कार्यक्रमों को भी बदलने की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखकर एक एजेंसी को काम सौंपा गया है जो कि पूरे भारत वर्ष में हितधारकों से सलाह करके योजनाओं में बेहतरी के उपाय बतायेगी। हमें उम्मीद है कि इसी वित्तिय वर्ष में हम अपनी नयी योजनाओं का शुभारम्भ कर पायेंगे। इसके लिये आपका साथ मेरे लिये बहुत महत्वपूर्ण है।

मुझे यह बताते हुये अपार प्रसन्नता हो रही है कि पहली बार हमने नई दिल्ली नगर निगम, हिन्दुस्तान टाइम्स एवं टाइम्स ऑफ इण्डिया समूह के साथ मिलकर राहगिरी कार्यक्रम में भाग लिया। यह ऐसा अनूठा जागरूकता कार्यक्रम था जिसमें आम जनता को राष्ट्रीय न्यास की चारों विकलांगताओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

एक अन्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 100 यातायात संकेतों पर प्रचार सामग्री बांटी गई।

निरामय स्वाथ्य बीमा योजना जो कि वर्ष 2008 से चल रही है जिसमें वार्षिक प्रीमियम 99 रूपये एवं प्रशासनिक प्रभार 32 रूपये प्रति लाभार्थी दिया जाता था, में हम वार्षिक प्रीमियम 69 रूपये एवं प्रशासनिक प्रभार 30 रूपये प्रति लाभार्थी की बोली प्राप्त करने में कामयाव रहे। इसके फलस्वरूप शुरू में नकद बहिर्वाह का हमारा बोझ कम हो जायेगा। अतिरिक्त धनराशि के अभाव में भी बीमा कम्पनी किसी भी कारण से लाभार्थियों के दावों का भुगतान नहीं रोकेगी। पहले लाभार्थियों को नामांकन एवं नवीनीकरण वर्ष में 2 बार किया जाता था अब इसे मासिक करने की व्यवस्था की गई है। इसमें एक नया प्रावधान जोड़ा गया है जिसके अनुसार बीमा कम्पनी किसी भी गलत दावे के भुगतान के लिये स्वयं जिम्मेदार होगी और उसके लिये कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी। निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत लाभ सारणी में लाभार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर परिवर्तन किया गया है।

मैं राष्ट्रीय न्यास बोर्ड की ओर से माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय श्री थावर चंद गेहलोत, माननीय राज्यमंत्री, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय श्री कृष्णपाल सिंह गुर्जर, माननीय राज्यमंत्री, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय श्री विजय सांपला, संयुक्त सचिव, विकलांग सशक्तीकरण विभाग श्री अवनीश कुमार अवस्थी एवं संयुक्त सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री सी. के. खेतान को अपना हार्दिक धन्यवाद करता हूँ।

(लव वर्मा)
सचिव, विंकलांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं
अध्यक्ष, राष्ट्रीय न्यास बोर्ड

संयुक्त सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी की रिपोर्ट

मैं 19 जनवरी 2015 को राष्ट्रीय न्यास में शामिल हुआ और इस जीवंत परिवार का एक हिस्सा बन गया। मैंने अपनी 27 वर्ष की सेवा में कभी भी इस क्षेत्र में काम नहीं किया व मुझे बौद्धिक विकलांगताओं के बारे में ज्यादा जानकारी भी नहीं थी। इसलिए इस क्षेत्र में काम करना मेरे लिए बहुत हृदयग्राही था। जब मैं न्यास से जुड़ा तो प्रमुख योजनाओं की अवधि समाप्ति पर थी और इस बात की जरूरत महसूस की जा रही थी कि, आगे बढ़ने से पहले, सामाजिक परिवर्तन व स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता व बहुविकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों की जरूरतों को मद्देनजर रखते हुए योजनाओं में परिवर्तन किया जाए। इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया गया और इस दिशा में काम शुरू कर दिया गया है जिस एजेंसी को यह काम दिया गया है, वह चुनिन्दा पंजीकृत संस्थाओं, अभिभावकों, राष्ट्रीय न्यास के बोर्ड के न्यासियों वगैरह से परामर्श करके उनकी जानकारी के अनुसार योजनाओं में सुधार व परिवर्तन करेगी। अगले वित्त वर्ष, 2015–16, में हम परिवर्तित योजनाओं को प्रारम्भ करेंगे।

इस वर्ष अच्छा कार्य करने के लिए मैं पूर्व अध्यक्षा श्रीमति पूनम नटराजन व पूर्व अध्यक्ष, श्री पी० के० पिंचा, राष्ट्रीय न्यास बोर्ड, और पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अजय कुमार लाल को बधाई व धन्यवाद देता हूँ।

इस बात को ध्यान में रखते हुए कि जब परिवर्तित योजनाओं को प्रारम्भ किया जाएगा तो इन योजनाओं पर व्यय बढ़ जाएगा, हमनें सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के अधीन विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग को वार्षिक अनुदान देने के लिए अनुरोध किया है। अगले वित्त वर्ष में स्थायी वित्त समिति हमारे प्रस्ताव पर विचार करेगी और उम्मीद है कि हमें अगले वित्त वर्ष से अनुदान मिलना शुरू हो जाएगा।

यद्यपि हमारे पास पंजीकृत संस्थाओं, स्टेट नोडल एजेंसी केन्द्रों एवं स्थानीय स्तरीय समितियों का नेटवर्क है, परंतु इन के बीच में जो समन्वय का अभाव है उसे हमें विकसित करना है।

कानूनी अभिभावक की नियुक्ति राष्ट्रीय न्यास अधिनियम का सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान है और इसमें स्थानीय स्तरीय समितियों की केंद्रीय भूमिका है। इन मुद्दों को देखने के लिए, सभी जिलों में स्थानीय स्तरीय समितियां मौजूद हैं लेकिन वे ज्यादा सक्रिय नहीं हैं, यहाँ तक कि वे बैठकें भी नहीं करते हैं और नियमित रूप से त्रैमासिक रिपोर्ट भी नहीं भेजते हैं। मैं उन सरकारी संगठनों से जो कि स्थानीय स्तरीय समिति के सदस्य हैं, से आग्रह करता हूँ कि वे स्थानीय स्तरीय स्मति की बैठकें आयोजित करने और त्रैमासिक रिपोर्ट नियमित रूप से भेजने के लिये स्थानीय स्तरीय समिति के अध्यक्ष से विचार विमर्श करें।

विभिन्न स्तरों पर सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित व जागरूक करने की जरूरत है, जिसके लिए हमने कारवाई शुरु की है और अगले वर्ष में हम जिला स्तर के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

हमने एक नयी शुरुआत की और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, हिंदुस्तान टाइम्स व टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा कनॉट प्लेस, नई दिल्ली व सुशांत लोक, गुड़गाँव में आयोजित राहगीरी के दौरान, जनसाधारण को जागरूक बनाने के लिए, विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कनॉट प्लेस, नई दिल्ली का कार्यक्रम दो पंजीकृत संस्थाओं – मुस्कान व एक्शन फॉर औटिस्म और गुड़गाँव का कार्यक्रम विश्वास, गुड़गाँव की मदद से आयोजित किया गया।

मैं सभी पंजीकृत संस्थाओं से हमारे प्रयास में मदद करने के लिए अनुरोध करता हूँ। केवल पंजीकृत संस्थाओं के अच्छे काम इन लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार ला सकते हैं।

सी. के. खेतान

सी. के. खेतान (भा.प्र.से.)

संयुक्त सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय न्यास

विषय सूची

क्र. स.	विवरण	पृष्ठ
1.	राष्ट्रीय न्यास बोर्ड के न्यासियों की सूची (31 मार्च 2015 तक)	10
2.	राष्ट्रीय न्यास के नियमित एवं अनुबंधित कर्मचारियों की सूची	12
3.	न्यास के उद्देश्य	13
कार्यक्रम व योजनाएँ		
4.	घरौंदा (राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के तहत विकलांग वयस्कों हेतु सामूहिक आवास एवं पुनर्वास गतिविधियों)	14
5.	समर्थ – केंद्र आधारित अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन आवासीय सेवाएँ	15
6.	निरामय – स्वास्थ्य बीमा योजना	15
7.	स्टेट नोडल एजेंसी सेंटर	16
8.	सहयोगी	17
9.	ज्ञान प्रभा (छात्राव्रत्ति योजना)	17
10.	उद्यम प्रभा (प्रोत्साहन) योजना	18
11.	एस्पिरेशन – (अर्ली इंटरवेंशन) योजना	18
12.	संभव–राष्ट्रीय संसाधन केंद्र	19
13.	मानसिक विकास चिकित्सा संबन्धित कार्यशाला	20
14.	दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय आत्म केंद्रित सम्मेलन	20
पंजीकरण एवं स्थानीय स्तरीय समिति		
15.	पंजीकरण	21
16	राज्यवार पंजीकृत संगठन	21
17.	स्थानीय स्तरीय समिति	22
18.	विधिक संरक्षकता	25
19.	प्रो. लोतिका सरकार को हार्दिक नमन	26
प्रकाशन एवं जागरूकता कार्यक्रम की रिपोर्ट		
20.	विश्व स्वपरायणता जागरूकता दिवस समारोह	27
21	राहगीरी दिवस	27
22	आवागमन प्रवेश अनुभाग/एक्शनों पर जागरूकता	28
23.	सामर्थ्यता पत्रिका का माननीय राज्य मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता द्वारा विमोचन	28
कार्यशाला/सेमिनार/सम्मेलन		
24.	SKOCH शिखर सम्मेलन	29
25.	स्वच्छ भारत अभियान	29
26.	कॉरपोरेट सोशल रिस्पोन्सिबिलिटी (सी0एस0आर0)	30
27.	ज्ञान कार्यशाला	30

28. समग्र जागरूकता शिविर आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, हरियाणा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल 31
29. भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आई0आई0टी0एफ0), दिल्ली एवं सिलीगुड़ी 33
30. सूरजकुण्ड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 33
31. राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा राष्ट्रीय न्यास की योजनाओं का मूल्यांकन प्रभाव 34

स्पंदन पुरस्कार समारोह–2014

32. स्पंदन 36
33. 14 वीं साधारण वार्षिक बैठक 38
34. सूचना का अधिकार अधिनियम 39

ऑडिट रिपोर्ट

35. 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए तुलना पत्र 40
36. 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय और व्यय लेखा 41
37. 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष की प्राप्तियां एवं भुगतान का लेखा जोखा 42

प्रशासनिक विभाग की रिपोर्ट

38. हिन्दी पखवाड़े का आयोजन 51
39. शब्दावली/शब्द संक्षेप 52

राष्ट्रीय न्यास बोर्ड के न्यासियों की सूची

(31 मार्च 2015 तक)

क्रमांक	नाम	पता	टेलीफोन नं./ई–मेल
1.	**श्री लव वर्मा**	अध्यक्ष, राष्ट्रीय न्यास बोर्ड	011-43187800 contactus@thenationaltrust.in
2.	**श्री सी. के. खेतान**	संयुक्त सचिव और मु0का0अधि0, राष्ट्रीय न्यास	011-43187801, 8447036669 js_ceo_nt@thenationaltrust.in
3.	**संयुक्त सचिव** (विकलांग जन सशक्तिकरण विभाग)	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, शास्त्री भवन मंत्रालय, नई दिल्ली	011-24369056, 9415115034 awanishkawasthi@gmail.com
4.	**संयुक्त सचिव** (आर. सी. एच.)	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली 110108	011-23063255, 9717748689 jsud@nic.in
5.	**संयुक्त सचिव** (एफ. ए.)	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली –110001	011-23350896, 9868965151 pravin.srivastava@nic.in, ddg-dget@nic.in
6.	**आर्थिक सलाहकार**	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	011-23385484, 9868829495 r.sadanandan@nic.in
7.	**संयुक्त सचिव** (एस. ई)	मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	011-23061723, 9868503588 rk1992uk@gmail.com
8.	**संयुक्त सचिव** (एस. ए.)	ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, लोधी रोड, नई दिल्ली	011-23384578, 8800394390 kirti.saxena@nic.in / krkirtisaxena@gmail.com
9.	**संयुक्त सचिव**	शहरी विकास मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली	011-23387924 puri.kiran@nic.in
10.	**उप महानिदेशक** (डी. जी. ई. व टी.)	श्रम मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली	011-23384245, 8800661965 jalam.edu@nic.in

11.	**डॉ नीलम सोढ़ी**	उत्तर भारत सेरेब्रल पाल्सी एसोसिएशन, (आशीर्वाद), 100 विशाल नगर एक्सटेंशन, पखोवाल रोड, लुधियाना, पंजाब	0161-2564551, 9814922361 drneelamsodhi@yahoo.com ashiwadnicpa@gmail.com
12.	**प्रतिनिधि**	फिक्की, फेडरेशन हाउस, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली –110 001	011-23357243, 9868248478 kkupadhyay@gmail.com
13.	**प्रतिनिधि**	कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, 249 एफ, उद्योग विहार, फेज–4, सेक्टर –18, गुड़गांव 122015, हरियाणा	0124-4014060, 9818115512 niranjankhatri54@gmail.com
14.	**श्री गौरी शंकर गुप्ता**	कर्नाटक पेरेंट्स एसोसिएशन फॉर एम.आर सिटीजन्स, # 18, बीरसान्द्र, मेन रोड, जयनगर, 1 ब्लॉक (ई), बंगलौर, कर्नाटक	8022441289, 9980160767 gaurigupta@yahoo.com
15.	**श्री किशोर मोहन भट्टाचार्य**	क्वार्टर नंबर 72 ए, गुवाहाटी विश्वविद्यालय कैम्पस, गुवाहाटी–14, असम	0361-2574812, 8486376987 kmb191@gmail.com
16.	**श्रीमती जयश्री रमेश**	अकादमी फॉर द सिवियरली हैंडीकैप्ड एंड ऑटिस्टिक एल –76/ए एच.वी.सी.एस., किर्लोस्कर कॉलोनी, तृतीय स्टेज, 4 ब्लॉक, बसवेश्वरनगर, बंगलौर, कर्नाटक	8023225279, 9343764415 rtnjramesh@gmail.com
17.	**श्री अनिल जोशी**	स्वीकार, 14, शिव शक्ति अपार्टमेंट, खामला मेन रोड, पांडे लेआउट, नागपुर 440025 महाराष्ट्र)	9818830940 anilujoshi@gmail.com

राष्ट्रीय न्यास के नियमित एवं अनुबंधित कर्मचारियों की सूची

क्र.	नाम	पद
1.	श्री एस. के. मोहन्ती	उपनिदेशक (कार्यक्रम)
2.	श्री यू. के. शुक्ल	सहायक विधि सलाहकार
3.	श्री राजेश सचदेवा	लेखाधिकारी
4.	श्री एस. के. ठुकराल	निजी सचिव
5.	श्रीमती सुषमा घई	निजी सचिव
6.	श्रीमती रजनी मैसी	निजी सहायक
7.	श्रीमती श्रेष्ठा साहनी	निजी सहायक
8.	श्री अमिताभ त्रिवेदी	लेखाकार
9.	श्री नवनीत कुमार	कार्यक्रम अधिकारी
10.	श्रीमती मोनिका वधवा	कार्यक्रम सहायक
11.	श्रीमती वन्दना चोपड़ा	कार्यक्रम सहायक
12.	श्री भरत सिंह नेगी	अवर श्रेणी लिपिक
13.	श्री रामबिलास राजभर	चपरासी
14.	श्रीमती रेखा ममगॉई	चपरासी
15.	श्री रामआशीष	चपरासी
अनुबंधित कर्मचारी		
16.	श्रीमती लक्ष्मी रानी	उपनिदेशक (प्रशासन)
17.	श्री जसविंदर पाल सिंह खेड़ा	लेखा सहायक
18.	श्री पंकज कुमार श्रीवास्तव	कार्यालय सहायक
19.	श्री मोमीन अंसारी	कार्यालय सहायक
20.	श्रीमती अनीता रानी	कार्यालय सहायक
21.	श्री तिलक राज	कार्यालय सहायक
22.	श्रीमती पुष्पा पांडे	कार्यालय सहायक
23.	श्रीमती रीनू पॉल	कार्यालय सहायक
24.	श्री गुड्डू	सफाई कर्मचारी

स्वपरायणता, प्रमस्तिष्कघात, मानसिकमंदता व बहुविकलांग व्यक्तियों के कल्याणार्थ हेतु राष्ट्रीय न्यास अधिनियम संसद द्वारा 30 दिसम्बर 1999 को पारित किया गया। खंड–3 एवं धारा 10 में राष्ट्रीय न्यास के उद्देश्यों का उल्लेख है।

न्यास के उद्देश्य

- विकलांगजनों को समर्थ और सशक्त बनाना, जिससे कि वे समुदाय के भीतर और निकट यथा संभव स्वतन्त्र रूप से और पूर्ण रूप से रह सकें, जिसके वे अभिन्न अंग हैं।
- विकलांगजनों की सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए सहायता प्रदान करें जिससे कि वे अपने परिवार के साथ रह सकें;
- पंजीकृत संगठनों को सहायता प्रदान करें जिससे कि वे विकलांगजनों को परिवार में संकट की अवधि के दौरान जरूरत आधारित सेवाएं उपलब्ध करा सकें,
- विकलांगजनों की समस्याओं का निपटारा करना जिन्हें परिवार से सहायता नहीं मिलता;
- विकलांगजनों के संरक्षकों या माता–पिता की मृत्यु होने की स्थिति में उनकी देख रेख और सुरक्षा के लिए उपाय प्रस्तुत करना;
- विकलांगजनों को जिन्हें ऐसी सुरक्षा की जरूरत है संरक्षकों और समिति की नियुक्ति के लिए क्रिया विधि तैयार करना;
- विकलांगजनों की पूर्ण भागीदारी, समान अवसर और अधिकारों की सुरक्षा प्राप्त किए जाने को सुगम बनाना;
- और कोई अन्य कार्य करना जो उपर्युक्त उद्देश्यों के आनुशंगिक हों।

कार्यक्रम व योजनाएँ

घरौंदा (राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के तहत विकलांग वयस्कों हेतु सामूहिक आवास एवं पुनर्वास गतिविधियों)

वर्ष 2008 मे राष्ट्रीय न्यास के तहत विकलांग वयस्क के लिए आजीवन आवास और देखभाल सुविधाएँ प्रदान करने के लिए घरौंदा – सामूहिक आवास योजना की शुरुआत की गयी। जो की स्वपराणयता, प्रमस्तिष्कघात, मानसिक मंदता और बहु विकलांग वयस्क व्यक्तियों को आजीवन आवास और देखभाल सुविधाएं प्रदान करेंगे। यह योजना भुगतान के आधार पर देखभाल सेवाओं की निर्धारित न्यूनतम गुणवत्ता सुनिश्चित करती है।

घरौंदा केन्द्र, डेरा गॉव, दिल्ली

अब तक, निम्नलिखित १२ संगठनों को मंजूरी दी गयी है . (१) सावली (पुणे), (२) केपीएमआरसी (बेंगलुरु), (३) ओपन लर्निंग सिस्टम (भुवनेश्वर), (४) प्रयास (पश्चिम बंगाल), (५) पार्टनर हुगली (पश्चिम बंगाल), (६) छत्तीसगढ़ सरकार (रायपुर), (७) उत्तराखंड सरकार (हरिद्वार), (८) त्रिपुरा सरकार (अगरतला), (९) हरियाणा सरकार (चंडीगढ़), (१०) डेरा, मुस्कान (दिल्ली), (११) आधार (नासिक), (१२) स्वयं क्रूशी (आंध्र प्रदेश)

इनमें से निम्नलिखित ८ संगठन क्रियाशील हो गए है . (१) सावली (पुणे), (२) केपीएमआरसी (बेंगलुरु), (३) ओपन लर्निंग सिस्टम (भुवनेश्वर), (४) प्रयास (पश्चिम बंगाल), (५) पार्टनर हुगली (पश्चिम बंगाल), (६) छत्तीसगढ़ सरकार (रायपुर), (७) डेरा, मुस्कान (दिल्ली), (८) आधार (नासिक), घरौंदा योजना के सुचारू संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति (एन.एल.एस.सी) का गठन किया गया है।

दिनाँक १६, फरवरी, २०१५ को, राष्ट्रीय न्यास के अध्यक्ष एवं सचिव, विकलांग सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अध्यक्षता मे चौथी राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति (एन.एल.एस.सी.) की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सभी प्रतिभागि घरौंदा योजना मे संशोधन करने हेतु अपनी टिप्पणी राष्ट्रीय न्यास को भेजेंगे और सभी घरौंदा केन्द्रों मे न्यूनतम देखभाल मानकों को लागू किया जाएगा।

इस वर्ष 32 लाख रुपये की राशि 2 घरौंदा केन्द्रों को जारी किया गया है । विस्तृत सूची नेशनल ट्रस्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

समर्थ – केंद्र आधारित अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन आवासीय सेवाएँ

समर्थ योजना का अब दसवाँ वर्ष चल रहा है, इस योजना के अंतर्गत आत्मकेंद्रित, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु विकलांगजन व्यक्तियों के लिए अल्पावधि (थोड़े समय के लिए राहत की देखभाल) और लंबी अवधि (लंबे समय तक देखभाल) के लिए आवासीय सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

राष्ट्रीय न्यास समर्थ योजना को वर्ष 2005 से चला रहा है। इस योजना के अंतर्गत 119 समर्थ केन्द्रों को विभिन्न चरणों में अनुमोदित किया गया। यह योजना नौ वर्षों के लिए अनुमोदित की गयी, जिसमे कि अनुदान 8 वर्ष तक निर्गत करने का प्रावधान है। 80 समर्थ केन्द्रों के अनुदान निर्गत करने कि अवधि समाप्त हो चुकी है तथा बाकी केन्द्रों को अक्तूबर 2016 में अनुदान देने की अवधि पूरी हो जाएगी। जानकारी हेतु लिंक को देखें

इस वर्ष, 15 समर्थ केन्द्रों को 6.73 लाख रुपये की राशि निर्गत की जा चुकी है। सूची वेबसाइट में उपलब्ध है। समर्थ योजना का संशोधन किया जा रहा है।

निरामय – स्वास्थ्य बीमा योजना

1 निरामय स्वपरायणता, प्रमस्तिष्कघात, मानसिक मंदता और बहुविकलांगजनों के लिए एक अत्यंत लाभकारी एवं अनूठी स्वास्थ्य बीमा योजना हैं। यह स्वास्थ्य बीमा योजना 2007 में 10 चुने हुऐ जनपदों में पायलट रूप से शुरू की गई थी, जो कि बाद में पूरे देश (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर) में कार्यान्वित की गई।



टी. कस्तूरी रामचन्द्र
लाभार्थी

श्री भरत कुमार झम्ब
लाभार्थी

2 इस के अंतर्गत 1 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा वाय् या उपचार एवं अस्पताल सेवा के लिए उपलब्ध है। राष्ट्रीय न्यास द्वारा इस योजना में लाभ हेतु रूपये 250/– की साधारण राशि रूपये 15000 तक प्रति माह वेतन पाने वालों के लिए एवम रूपये 500/– की राशि रूपये 15000/– से अधिक वेतन पाने वालों के लिए रखी गई हैं। गरीबी रेखा से नीचे विकलांगजनों को इस योजना का लाभ निःशुल्क मिलेगा जिसके लिए उन्हे किसी सक्षम अधिकारी द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने (बीपीएल) आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ई–कार्ड को प्रिंट करने का प्रावधान हमारी वैबसाइट पर उपलब्ध हैं।

अब तक इस योजना के तहत 1.47 लाख लाभार्थियों को नामांकीत किया गया है, जिसमे 38512 लाभार्थियों को 14.52 करोड़ रूपये दावा बीमा राशि निर्गत की गयी हैं, जिसमे कि इस वर्ष 2014–15 में 50541 लाभार्थियो का नामांकन एवं 9372 लाभार्थियों को 4.97 करोड़ रूपये दावा की गयी राशि की प्रतिपूर्ति भी शामिल है।

स्टेट नोडल एजेंसी सेंटर (SNAC)

राष्ट्रीय न्यास को एक राष्ट्रीय निकाय होने के नाते, प्रत्येक राज्य में अपने प्रतिनिधियों को रखना जरूरी है जिससे कि वह स्थानीय जानकारी और विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों से लाभान्वित कर सके। इसलिए प्रत्येक राज्य में प्रमुख गैर–सरकारी संगठनों में से स्टेट नोडल एजेंसी सेंटर (SNAC) की नियुक्ति कि गयी। SNAC राज्यों की राजधानी में स्थापित की गयी हैं ताकि पूरे राज्य में काम किया जा सके। इस साल संशोधित दिशा–निर्देशों और नए वित्त प्रावधानों के तहत कुछ राज्यों में SNAC पुनः नियुक्त किए गए है और कुछ राज्यों में नए SNAC नियुक्त किए गए। वर्तमान में, 28 राज्यों और 3 संघ शासित क्षेत्रों में 31 SNACs नियुक्त किए गए हैं।

चार साल पहले, यह महसूस किया गया कि राज्य सरकार के समन्यवय से विभिन्न योजनाओं / कार्यक्रमों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सकता है। इसलिय संबंधित राज्य के विकलांग/समाज कल्याण के सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय समन्वय समिति (SLCC) का गठन किया गया। यह SNAC को राज्य सरकार के साथ बातचीत और संपर्क करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी और SLCC विभिन्न हितधारकों के बीच अधिक से अधिक समन्वय और सहयोग सुनिश्चित करने के लिए एक मंच का काम कर रहा है। 31 राज्यों/केंद शासित प्रदेशों में SNAC स्थापित किया गया है।

स्नैक समीक्षा बैठक, देहरादून, उत्तराखण्ड

इस वर्ष रूपये 39.60 लाख 28 SNACs के लिए जारी किया गया है । विस्तृत सूची नेशनल ट्रस्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

राष्ट्रीय न्यास ने राफेल (राज्य नोडल एजेंसी सेंटर, उत्तराखंड) की मदद से, 21–22 जुलाई 2014 का सभी SNAC की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में, जिला कलेक्टर, कोल्लम, केरल ने भी भाग लिया और राष्ट्रीय न्यास की योजनाओ को, विशेष रूप से स्थानीय स्तरीय समिति (LLC) को जिला और राज्य मे कार्यान्वयन साझा किया। इस उद्देश्य के साथ की सभी SNAC समन्वयक शहर में सफलतापूर्वक चलाये जा रहे शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र और समूह आवास का दोरा करे, SNAC की समीक्षा बैठक का आयोजन देहरादून, उत्तराखंड मे किया गया।

23 जुलाई 2014 को, मुख्य सचिव, उत्तराखंड की अध्यक्षता में एक रोड मैप बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमे उत्तराखंड के सभी जिला कलेक्टरों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस योजना में भाग लिया।

सहयोगी

सहयोगी योजना की परिकल्पना उन विकलांगजनों को सहायता प्रदान करने हेतु हुई है जिन्हे अपनी दैनिक कार्यों को करने मे व्यक्तिगत सहायता की आवश्यकता होती है। इस योजना के माध्यम से प्रशिक्षित केयर गिवर विकलांग व्यक्तियों को सहायता प्रदान करता है। और अपनी मदद से उन्हे घर से बाहर आने जाने और उनके काम करने के लिए सक्षम बनाता है। इस योजना मे उनके कौशल को बढ़ाने और आजीविका कमाने के लिए केयर गिवेर उन्हे सक्षम बनाता है।

इस योजना के तहत, पूरे देश मे कुछ चुने हुये गैर सरकारी संगठनो को विशेषज्ञों और पेशेवरों, जिन्हे मास्टर ट्रेनर कहा जाता है के माध्यम से विभिन्न बैचों मे केयर गिवेर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए केयर गिवेर केंद्र बनाये गए है। केयर गिवेर के पंजीकरण एवं केयर सीकर के नामांकन इन केयर गिवेर केन्द्रों मे होती है। देश मे, 40 अनुमोदित केयर गिवेर केन्द्रों मे से 36 केयर गिवेर केंद्र स्थापित किए जा चुके है। इस योजना के तहत 2435 केयर गिवर की कौशल का निर्माण किया गया है तथा 1030 केयर गिवेरो को तैनात किया गया है।

केयर गिवर प्रशिक्षण मॉड्यूल को मानकीकृत करने के लिए 25,फरवरी 2015 को राष्ट्रीय न्यास मे बैठक की गयी, जिसमे यह निर्धारित किया गया कि केयर गिवर प्रशिक्षण को 3 श्रेणियों मे – व्यक्तिगत देखभाल, संस्थागत देखभाल और माता–पिता के माध्यम से देखभाल बनाया जाएगा। यह भी निर्धारित किया गया कि केयर गिवर को इस व्यवसाय मे बनाये रखने मे अभिप्रेरित करने के लिए एक निर्धारित पारिश्रमिक दिया जाना चाहिए।

इस वर्ष, केयर गिवर प्रशिक्षण हेतु 3 संस्थाओ को 1.06 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप मे प्रदान किए गए। विस्तृत सूची राष्ट्रीय न्यास की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस योजना का संशोधित किया जा रहा है।

ज्ञान प्रभा (छात्रावृत्ति योजना)

इस योजना के तहत विकलांग जन व्यक्ति जो कि राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत आते हैं उनको वित्तिए सहायता प्रदान की जाती है जिससे की वह उच्च शिक्षा, व्यावसायिक अध्ययन तथा हर प्रकार के कौशल विकास पाठ्यक्रम को अपनाने में मदद करता है। यह योजना वर्ष 2008 में प्रारम्भ हुई तथा वर्ष 2010 में संशोधि ात की गयी। इस योजना की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार हैं:

- योजना किसी भी व्यावसायिक प्रशिक्षण/ कौशल विकास कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए है।
- इसमें एक वर्ष के लिए प्रति माह 1000 रूपये दिये जाने का प्रावधान है ।
- नवीनीकरण कक्षा में नियमित उपस्थिति के आधार पर किया जाता है (जोकि शैक्षिक/प्रशिक्षण संस्थान के मुखिया द्वारा प्रमाणित हो)
- कोई न्यूनतम योग्यता नहीं।
- कोई आय सीमा नहीं।

योजना के तहत आवेदन पत्र नेशनल ट्रस्ट (www.thenationaltrust.in) के वेब इनेबल्ड वेब साइट के माध्यम से MIS में ऑन लाइन आवेदित किया जा सकता है। आवेदन पूरे साल में वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप के तहत व्यक्तिगत रूप में कभी भी जमा किया जा सकता है। अबतक इस योजना के तहत 75 छात्रों को 4. 7 लाख रूपये निर्गत किए जा चुके हैं जिसमे इस वर्ष 2014–15 में 7 छात्रों को 64,800/– रूपये निर्गत राशि भी शामिल है। इस योजना को भी संशोधित किया जा रहा है।

उद्यम प्रभा योजना

उद्यम प्रभा योजना राष्ट्रीय न्यास द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत किसी भी प्रकार की आय सृजन हेतु आर्थिक गतिविधि के लिए रियायती दरों पर ऋण कि सुविधा उपलब्ध करवाना है। प्रोत्साहन की ये दर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों (बी.पी.एल.) के लिए 5 प्रतिशत तथा अन्य वर्गों के लिए 3 प्रतिशत तय है।

यह योजना इतनी सफल नहीं हो सकी क्योंकि विकलांगजन जोकि राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत आते हैं उन्हे ऋण लेने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है। इस योजना को संशोधित किया जा रहा है।

एस्पिरेशन – (अर्ली इंटरवेंशन) योजना

राष्ट्रीय न्यास ने 0–6 साल की उम्र के बच्चों के लिए शीघ्र हस्तक्षेप/ स्कूल तत्परता कार्यक्रम को उपलब्ध कराने के लिए एस्पिरेशन योजना लागू की। इस योजना के तहत देश में 79 केन्द्रों को स्थापित किया गया। इस योजना को चलाने के लिए गैर सरकारी संगठनों को विशेषज्ञों के माध्यम से शीघ्र हस्तक्षेप तकनीक और कौशलता में प्रशिक्षित किया गया।

इस योजना के तहत 1580 विकलांग बच्चों और उनके माता पिता को प्रशिक्षित किया गया। योजना 6 साल के लिए थी जिसकी अवधि अगस्त, 2014 में समाप्त हो गयी है। इस अवधि के दौरान, राष्ट्रीय न्यास द्वारा गैर सरकारी संगठनों जोकि इस योजना को कार्यान्वित कर रहे थे, उन्हे उनकी क्षमता निर्माण के लिए शीघ्र हस्तक्षेप पर प्रशिक्षण दिया गया।

राष्ट्रीय न्यास द्वारा सेंट फ्रांसिस होम, पठानकोट, स्टेट नोडल एजेंसी सेंटर (SNAC) पंजाब की सहायता से लुधियाना में 0–6 वर्ष आयु तक के बच्चों के लिए शीघ्र हस्तक्षेप ट्रांस– डिसीप्लीनरी प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 मई 2014 से 17 मई 2014 तक आयोजित किया गया जिसमे पंजाब की गैर सरकारी संस्थायों से 32 विशेषज्ञों ने भाग लिया जिससे कि वे बच्चों के लिए शीघ्र हस्तक्षेप सेवाओं को प्रदान कर सकें

एस्पिरेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम, लुधियाना, पंजाब

राष्ट्रीय न्यास शीघ्र हस्तक्षेप कार्यक्रम को बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है जिससे कि ज्यादा से ज्यादा विकलांग बच्चों को इस सेवा से लाभान्वित किया जा सके।

संभव–राष्ट्रीय संसाधन केंद्र

विकलांग व्यक्तियों के लिए, संभव– राष्ट्रीय संसाधन केंद्र, की स्थापना AADI, नई दिल्ली (राष्ट्रीय न्यास पंजीकृत संगठन) मे की गयी है। यह सार्वभौमिक डिजाइन (Universal Design) के सिद्धांतों को जीवन के विभिन्न तरीकों जैसे संचार (समझ और संचार के वैकल्पिक साधनों का उपयोग करते हुए); सीखने और चलना आदि को प्रदर्शित करता है।

संभव केन्द्र में मौजूद सहयोगी उपकरण, आदी, दिल्ली

देश में विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियों एवं विभिन्न सहायक उपकरणों और सॉटवेयर की जानकारी को सभी उपयोगकर्ताओं के लिए केंद्रीय हब में एकी.त किया गया है। ताकि वह इनका उपयोग कर सके।

एक बड़ी संख्या मे विकलांग जन एवं उनके माता–पिता ने संभव– राष्ट्रीय संसाधन केंद्र का दौरा किया गया है। समूह संवेदीकरण और ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। पिछले 3 वर्षों के दौरान 3165 विकलांग जानो और उनके माता पिताओ ने संभव केंद्र का दौरा किया है। दिल्ली में संभव केंद्र से संपर्क करने का विवरण निम्नानुसार है

एक्शन फॉर एबिलिटी डेवलपमेंट एंड इन्क्लूजन
2, बलबीर सक्सेना मार्ग, हौज खास, साउथ दिल्ली, नई दिल्ली
(हौज खास मेट्रो स्टेशन के पास)
दूरभाष। 011–26864736
संपर्क व्यक्तिः सुश्री मानुजा मिश्रा / श्री विनय विज
मोबाइलः 9968304227, फैक्सः 26853002
ईमेल। aadi_jagruti@yahoo.com

2014–15 के दौरान इस उद्देश्य के लिए 16 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। जिसमे 2013–14 के लिए 8 लाख और 2014–15 के लिए 8 लाख रुपये शामिल है।

मानसिक विकास चिकित्सा संबन्धित कार्यशाला

राष्ट्रीय न्यास के सहयोग से स्पस्टिक सोसाइटी ऑफ तमिलनाडू द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का 13–17 अक्तूबर 2014 को आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय "Introduction to BOBATH Therapy - Hands on" था एवं इस कार्यशाला का सम्बोधन सुश्री करीन क्रूसका द्वारा किया गया। सुश्री करीन क्रूसका, Bobath Therapist जर्मनी राष्ट्र से हैं।

पूरे राष्ट्र से तकरीबन 11 फिजियोथैरेपिस्ट तथा 2 ओकूपशनल थेरपिस्ट ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में कई थेओरी एवं प्रेक्टिकल सत्र आयोजित किए गए।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को स्पास्टन (SPASTN) संस्था का दौरा करने का मौका मिला। उन्होने बच्चों को वोकशनल ट्रेनिंग सेंटर में काम करते देखा। उन्होने बच्चों की अर्लि इंटेर्वेंशन सेंटर तथा मल्टिपल डिसबिलिटी यूनिट तथा प्ले स्कूल में गतिविधियां देखी। कुछ बच्चे शेक्षिक यूनिट (ओपेन बेसिक एडुकेशन, दसवीं, बारहवीं एवं NIOS) में पढ़ रहे थे। उन्होने विभिन्न सुविधाएं जैसे कि फिजियाथैरेपी, सेंसरी इंटेग्रेशन, स्पीच एवं लेंगवेज थैरेपी, हाइड्रोथैरपी, किनेक्ट एक्स–बॉक्स सेशन, म्यूजिक/ मूवमेंट थेरपी। उन्हे विभिन्न पाठ्येक्रमों कि जानकारी भी दी गयी।

दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय आत्म केंद्रित सम्मेलन

एक्शन फॉर ऑटिज्म ने 5 से 12 फरवरी 2015 तक दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय आत्मकेंद्रित सम्मेलन का आयोजन इंडिया हेबीटेट सेंटर, नयी दिल्ली में किया। अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन में तीन मुख्य विषयों को लिया गया–

(i) ऑटिज्म एवं विकासात्मक विकलांगता शेध विषयों पर सम्मेलन पूर्व कार्यशाला

(ii) मित्रता, अमित्रता नहीं: भविष्य के लिए तथा

(iii) युवा विकलांग जन जो ऑटिज्म से प्रभावित है उनकी समाजिक प्रतिभा को उभारने हेतु प्रशिक्षण।

राष्ट्रीय न्यास ने अपनी स्टेट नोडल एजेंसी सेंटर (SNACs) के प्रतिनिधियों को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रायोजित किया।

इंडिया हेबीटेट सेंटर, दिल्ली में आयाजित दक्षिण एशियाई अंतर्राष्ट्रीय आत्मकेंद्रित सम्मेलन

पंजीकरण एवं स्थानीय स्तरीय समिति

पंजीकरण

राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 की धारा 12 के तहत उन संगठनों (जैसे कि कोई स्वैच्छिक संस्था, विकलांगता ग्रस्त व्यक्तियों का संगठन अथवा विकलांगता ग्रस्त व्यक्तियों के अभिभावकों का संगठन) के पंजीकरण की व्यवस्था है जो स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता तथा बहु विकलांगता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। आवेदन करने से ले कर प्रसंस्करण और अनुमोदन या अस्वीकृति तक की पूरी प्रक्रिया वर्ष 2010 से ऑनलाइन है। यह न केवल ऑनलाइन है बल्कि बहुत पारदर्शी भी है। इस के अंतर्गत प्रत्येक आवेदक को एक स्वचालित ई–मेल के माध्यम से उसके आवेदन की स्थिति की सूचना दी जाती है।

संस्थाओं का पंजीकरण पूरे वर्ष भर किया जाता है। पूरी प्रक्रिया को कारगर बनाने तथा आवेदनों की समय पर प्रस्तुति तथा निपटारा करने के लिए दिशा–निर्देश तैयार करने हेतु कई उपाय किए गए हैं। बढ़ते कदम जैसे विभिन्न अभियानों की मदद से अब तक कवरेज से बाहर जिलों में विकलांगता, यूएनसीआरपीडी तथा राष्ट्रीय न्यास के कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे में जागृति फैलाने के फलस्वरूप इन जिलों में कार्यरत संस्थाओं के पंजीकरण का कार्य प्रगति पर है। संगठनों के पाँच वर्षीय पंजीकरण की अवधि समाप्त होने से 6 माह पूर्व पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए आवेदन करने को उनसे बार–बार अनुरोध किया जाता है।

यह नवीनीकरण 3 माह पूर्व ऑनलाइन भी किया जा सकता है। प्रपत्र–ई के सहित पंजीकरण/पुनः पंजीयन के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। फिर भी, हम अपने सभी संगठनों को यह सूचित कर देना चाहते हैं कि ऑनलाइन आवेदन करते वक्त वे निर्धारित प्रपत्र को पूरी तरह भरें ताकि उनके आवेदन का त्वरित निपटारा हो सके। प्रपत्र को पूरी तरह से न भरने के कारण अनावश्यक देरी हो जाती है।

राज्यवार पंजीकृत संगठन (31.3.2015 तक)

क्र.	राज्य	पंजीकृत संगठन	क्र.	राज्य	पंजीकृत संगठन
1.	ऑन्ध्र प्रदेश	33	15.	महाराष्ट्र	42
2.	असम	14	16.	मणिपुर	6
3.	बिहार	12	17.	मिजोरम	1
4.	चंडीगढ़	1	18.	नागालैंड	3
5.	छत्तीसगढ़	9	19.	ओडिशा	22
6.	दिल्ली	24	20.	पुडुचेरी	5
7.	गोवा	3	21.	पंजाब	11
8.	गुजरात	39	22.	राजस्थान	20
9.	हरियाणा	20	23.	तमिलनाडु	34
10.	हिमाचल प्रदेश	8	24.	त्रिपुरा	4
11.	झारखंड	10	25.	उत्तर प्रदेश	50
12.	कर्नाटक	33	26.	उत्तराखंड	11
13.	केरल	38	27.	पश्चिम बंगाल	64
14.	मध्य प्रदेश	37		**कुल**	**554**

स्थानीय स्तरीय समिति

राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 की धारा 13 के तहत प्रत्येक जिले में गठित स्थानीय स्तर की समितियां जिला स्तर पर राष्ट्रीय न्यास का प्रतिबिम्ब हैं। यह अर्द्धन्यायिक निकाय विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी अभिभावकों की नियुक्ति करता है। विकलांग व्यक्तियों की कानूनी क्षमता की अवधारणा में आए बदलाव के कारण कानूनी अभिभावकों की भूमिका, कार्य और यहाँ तक कि नामावली में कुछ वैचारिक बदलाव जरूरी हो गए हैं। इन बदलावों के बावजूद एलएलसी, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए निर्णायक व्यवस्था बनी हुई है।

एल.एल.सी. राष्ट्रीय न्यास बोर्ड द्वारा प्रत्येक जिले में गठित एक त्रि–कमेटी संस्था है जिसका अध्यक्ष जिला कलैक्टर होता है। हाँलाकि ऐसे उदाहरण भी हैं जब कुछ जिलों के समूहों के लिए एक ही एलएलसी गठित की गई है। ऐसा मुख्य रूप से उत्तर पूर्वी राज्यों में हुआ है। और ऐसे भी उदाहरण हैं जब किसी जिले में, विशेषकर बड़े जिलों में, एक से अधिक एलएलसी का गठन भी किया गया है। एक एलएलसी का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है परंतु यह नई एलएलसी के गठन तक कार्यरत रह सकती हैं। एलएलसी का दूसरा सदस्य राष्ट्रीय न्यास की किसी पंजीकृत संस्था का प्रतिनिधित्व करता है। वह व्यावहारिक रूप से इसके संयोजक के रूप में कार्य करता है। पी.डब्लू.डी. अधिनियम 1995 की धारा 2 की उपधारा (एफ) के अंतर्गत वर्णित विकलांगत व्यक्ति तीसरा सदस्य होता है। जो कमेटी के सामने वास्तविक उदाहरणों की बारीकियां पेश करता है। स्थानीय स्तर समितियों के सदस्यों की सूची हमारी वेबसाइट के एलएलसी पेज पर उपलब्ध है।

- एलएलसी को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उन्हें अन्य सदस्यों जैसे जिला कल्याण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एक प्रतिष्ठित वकील को चुनने की सलाह पहले ही दी जा चुकी है।

- एलएलसी में उपयुक्त सदस्यों विशेषकर एक पीडब्लूडी सदस्य की नियुक्ति हेतु दिशा–निर्देशों का एक सेट जारी किया गया है।

- एलएलसी के ठीक ढंग से कार्य करने तथा कानूनी अभिभावकों की नियुक्ति के लिए एक व्यापक मैनुएल तथा हैंडबुक को तैयार किया गया है जिसे हमारी वेबसाइट www.thenationaltrust.in पेज पर LLC पर क्लिक करके देखा जा सकता है।

  http://www.thenationaltrust.co.in/nt/images/stories/Downloads/llc.pdf

- एनडीएलजीसी (NDLGC) या कानूनी संरक्षता प्रमाणपत्र की राष्ट्रीय (ऑन लाइन) डिपॉजिटरी पहले से ही कार्यरत है तथा LLCs को विधिक संरक्षकता प्रमाणपत्र संस्करित/जारी करने के लिए NDLGC मॉड्यूल को प्रयोग करना आवश्यक होगा।

नयी वित्त वितरण प्रणाली राष्ट्रीय न्यास की वेबसाईट www.thenationaltrust.in पर उपलब्ध है।

राष्ट्रीय स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक

राष्ट्रीय न्यास की स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 10 सितम्बर 2014 को आयोजिक की गई जिसमें सहायक विधि सलाहकार, राष्ट्रीय न्यास श्री यू. के. शुक्ल ने सभी गणमान्य नागरिकों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। श्रीमती पूनम नटराजन, अध्यक्षा, राष्ट्रीय न्यास ने विकलांगता एवं यू.एन.सी.आर.पी.डी. के बारे में बताते हुए राष्ट्रीय न्यास की चारों विकलांगताओं स्वपरायणता, प्रमस्तिष्कघात, मानसिकमंदता एवं बहुविकलांगता को दर्शाते हुये कहा कि ये नाम विकलांगता सिर्फ एक लेवल हैं जबकि हमें इंसान और उसकी क्षमताओं को सबसे पहले देखना चाहिए।

प्रत्येक विकलांगताओं में अपार क्षमताएँ भी मौजूद हैं इसीलिये हमें उन्हें व्यक्तिगत रूप से समझने की आवश्यकता है।

श्रीमती पूनम नटराजन, अध्यक्षा, राष्ट्रीय न्यास दर्शकों को संबोधित करते हुए

इन विकलांगताओं का कोई चिकित्सीय समाधान नहीं है परन्तु सीमित चिकित्सा हस्तक्षेप से लाभ दिया जा सकता है। इन विकलांगताओं से प्रभावित बच्चों के लिये समग्र हस्तक्षेप हेतु फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थैरेपी एवं विशेष शिक्षा की पूर्ण जानकारी बहुत लाभप्रद हो सकती है। ये भी आवश्यक है कि परिवार जन एवं सामुदायिक सदस्य बच्चों के पुनर्वास कार्यक्रम में सम्मिलित हों।

बौद्धिक एवं विकासीय विकलांग वयस्कों की जरूरतें जैसे कि कार्य, अवकाश, अर्थपूर्ण सम्बन्ध एवं स्वतंत्र समुदायिक जीवन अन्य वयस्कों से अलग नहीं हैं। उन्हें अपने जीवन से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर निर्णय में भाग लेने का पूर्ण अधिकार है और यू.एन.सी.आर.पी.डी. ने भी विशेष सहायता की जरूरतों को रेखांकित किया है।

विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों की संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यू.एन.सी.आर.पी.डी.) इस सदी की प्रथम संधि है जिसे पूर्ण रूप दे दिया गया है।

यह कन्वेंशन इस बात का प्रतिबिंव है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय यह समझता है कि विकलांगता एक मानव अधिकारों का मुद्दा है और इसके लिये गहरी समझ एवं विशेष कार्यवाही की जरूरत है।

यू.एन.सी.आर.पी.डी. वह विशिष्ट कन्वेंशन है जिसे इस आदर्श वाक्य **"हमारे बिना हमारे बारे में कुछ नहीं"** के साथ बनाया एवं प्रस्तुत किया गया।

श्री वेणुगोपालन द्वारा प्रस्तुति

जब हम राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत सामाजिक कार्य की बात करते हैं तो हमारे लिये सबसे पहली प्राथमिकता विकलांग व्यक्ति के जीवन से जुड़ी परेशानियॉ होनी चाहिए तभी हम उनके लिये बेहतर कार्य कर सकते है। दूसरी प्राथमिकता सामाजिक कार्यकर्ता की सोच है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं की पॉच श्रेणी हैं पहले वे व्यक्ति जो पैसा बनाना चाहते है, दूसरी खुद विकलांग व्यक्ति जो सामाजिक कार्य को अपनाते हैं तीसरे वे जो अपने पद से जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरा करते हैं जैसे कि गवर्नर, प्रेसीडेंट इत्यादि। चौथे वे जो धर्म या ईश्वर में विश्वास के कारण सामाजिक कार्य में लग जाते हैं आखिरी पांचवी श्रेणी में वे व्यक्ति आते हैं जिन्हें पैसा, नाम, पद या शौहरत का कोई लालच नहीं होता एवं सामाजिक कार्य करना उनके स्वभाव में सम्मिलित होता है।

जब हम राष्ट्रीय न्यास अधिनियम की बात करते हैं तो प्रश्न उठता है कि ये हुआ कैसे? और ये किसने इस पर कार्यवाही की? हम भली–भांति जानते हैं कि वर्ष 1999 तक मानसिक विकलांग बच्चे की संरक्षकता के लिये कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। बच्चे के लिये जिला न्यायालय उसकी व उसकी सम्पत्ति की देखरेख के लिये संरक्षकता प्रदान करता था जैसे ही वो बच्चा वयस्क हुआ न्यायालय यह मानता था कि वो अब पूर्ण रूप से अपने निर्णय लेने में सक्षम है जबकि इन विकलांगताओं से प्रभावित व्यक्ति के बारे में यह बात सही नहीं है। इन्हीं परेशानियों के कारणवश अभिभावकों, विकलांगजनों एवं सामाजिक संस्थाओं के आन्दोलन से राष्ट्रीय न्यास अधिनियम का जन्म हुआ।

श्रीमती रोमा भगत द्वारा कानूनी परिप्रेक्ष्य पर प्रस्तुति

श्रीमती रोमा भगत ने स्थानीय स्तरीय समिति एवं उससे सम्बन्धित कानूनी दृष्टिकोण पर अपनी प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय न्यास अधिनियम संरक्षकता के विभिन्न पहलुओं पर बात करता है जैसे कि संरक्षक नियुक्तिता, संरक्षक के कर्तव्य, कौन संरक्षक हो सकता है या फिर संरक्षक को हटाने की कार्यवाही। विकलांग व्यक्ति की सम्पत्ति एवं इससे सम्बन्धित लेन–देन की जानकारी संरक्षक को स्थानीय स्तरीय समिति को देनी होती है। अभिभावकों की समस्या थी कि उनके मरणोपरान्त उनके विकलांग बच्चे का क्या होगा जबकि उन्होने उसके लिये समर्थन प्रणाली का भी प्रावधान कर रखा है। उस सम्पत्ति की देखभाल कौन करेगा यहॉ स्थानीय स्तरीय समिति एक आधार की तरह काम करेगा। स्थानीय स्तरीय समिति की जिम्मेदारी होगी कि समर्थन प्रणाली पर अपनी निरन्तर नजर बनाये रखे।

उन्होने स्थानीय स्तरीय समिति, संरक्षक एवं जिलाधिकारी की सभी जिम्मेदारियों एवं कानूनी अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की।

विधिक संरक्षकता

विकासीय विकलांगता के लिए राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत वर्णित कानूनी संरक्षता यूएनसीआरपीडी (UNCRPD) के प्रकाश में बदलाव के दौर से गुजर रही है। राष्ट्रीय न्यास अधिनियम अभिभाावकों को यह विकल्प प्रदान करता है कि यदि वे चाहें तो 18 वर्ष के (व्यस्क) होने के उपरांत विकलांग व्यक्तियों के लिए एलएलसी द्वारा कानूनी संरक्षक नियुक्त कर सकते हैं। कानूनी संरक्षक की आवश्यकता विकलांग व्यक्ति की तथा/या उसकी संपत्ति की देखभाल करने के लिए महसूस की जाती है। हालाँकि यह अवधारणा यूएनसीआरपीडी (UNCRPD) के अधिक विकसित कानूनी क्षमता की अवधारणा के प्रकाश में सिमट रही है। गत वर्ष राष्ट्रीय न्यास अधिनियम में संशोधन के लिए मसौदा बनाते समय कानूनी क्षमता की अवधारणा ने मुख्यमार्गदर्शक की भूमिका निभाई थी।

मौजूदा कानून के तहत स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता तथा बहु विकलांग व्यक्तियों की आवासीय देखभाल और/या संपत्ति के प्रबंधन हेतु एलएलसी द्वारा कानूनी संरक्षक नियुक्त किए जा सकते हैं। जहाँ स्थानीय स्तरीय समितियों (LLCs) से कानूनी प्रावधानों तथा अवधारणा के विषय में स्पष्ट रहने की उम्मीद की जाती है वहीं कानूनी संरक्षकों से भी विकलांगताग्रस्त व्यक्तियों की कानूनी क्षमता की पूर्णतया समझ रख कर अपना दायित्व निभाने की आशा की जाती है। इन अवधारणाओं और मुद्दों को स्पष्ट करने के लिए वर्ष 2010 में कानूनी संरक्षकता पर एक व्यापक पुस्तिका का विकास किया गया। एलजी प्रमाणपत्रों का दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने के लिए कानूनी संरक्षता प्रमाणपत्र की राष्ट्रीय (ऑन लाइन) डिपॉजिटरी या एनडीएलजीसी भी वर्ष 2010 में शुरु की गई। स्थानीय स्तर समितियों के कार्यों तथा कानूनी संरक्षकता की अवधारणा पर रैडी रेकनर के रूप में एक दो पृष्ठीय ''At A Glance'' तैयार किया गया।

वर्ष के दौरान हमने अपने सभी पंजीकृत संस्थानों एवं एलएलसी के सदस्यों को एनडीएलजीसी (NDLGC) के विषय में जानकारी देने और इन प्रावधानों का उपयोग करने की दिशा में प्रोत्साहन देने की कवायद जारी रखी। नतीजतन, वर्ष 2010 में अपनी स्थापना होने के बाद से एनडीएलजीसी के प्रयोग में बहुत तेजी से वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2010–11 में 21 आवेदनों से ले कर 2011–12 में 99 आवेदन, 2012–13 में विधिक संरक्षकता प्रमाण पत्र हेतु 424, वर्ष 2013–14 में 1318 एवं वर्ष 2014–2015 में 1121 विधिक संरक्षकता प्रमाण पत्र जारी किये गये।

अक्सर यह देखा गया है कि विकलांग व्यक्तियों के भाई–बहन और कभी–कभी माता–पिता तक इन के संपत्ति अधिकारों के साथ समझौता कर देते हैं।इन संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए एलएलसी कोल्लम (केरल) ने स्थानीय संपत्ति पंजीयन रजिस्ट्री कार्यालय के साथ एक व्यवस्था को आरंभ किया जिसके तहत किसी भी विकलांग व्यक्ति की संपत्ति से संबंधित किसी भी सौदे का पंजीयन करने से पहले एलएलसी की सहमति लेना अनिवार्य होगा। कानूनी संरक्षकों की नियुक्ति को पूरी सावधानी तथा क्षेत्रीय पूछताछ के बाद ही करने की नीति के साथ मिल कर इस नई व्यवस्था ने अतिलाभदायक परिणामों को जन्म दिया है। इससे संकेत लेते हुए, सभी राज्य सरकारों को विकलांग व्यक्तियों के (संपत्ति) अधिकारों की सुरक्षा हेतु इस नीति का अनुकरण करने की सलाह दी गई।

प्रो. लोतिका सरकार को हार्दिक नमन

प्रख्यात विद्वान एवं नारीवादी प्रो. लोतिका सरकार (1923–2013)

